# D - 43

## CONTINUOUS & COMPREHENSIVE EVALUATION
## SUMMATIVE ASSESSMENT - I - NOVEMBER 2022

First Language - HINDI
PART - A & B

| VI Class] | (Max.Marks: 80) | [Time: 2:45 Hrs. |
|---|---|---|

**Marks: 60]** **Part - A** **[Time: 2.15 Hrs.**

***Instructions:***

*i) Read the following question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is allotted for this.*

*ii) Answer the questions under Part-A on a separate answer booklet.*

*iii) Part-B will be given separately. Write all the answers of Part-B on question paper itself and attach it to answer book of Part-A.*

* * *

*I. निम्न लिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।* *1x5=5*

1. मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुःख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रस्ता नेक
साथी हाथ बढ़ाना ।

*II. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।* *5x1=5*

ऋतु वसन्त तुम आओ ना,
बासन्ती रंग बिखराओ ना ।
उजड़ रही आमों की बगिया,
बौर नये महकाओ ना ।
सूनी वन-उपवन की डालें,
कोयल को बुलवाओं ना ।
नूतन गीत सुनाओ नो,
ओ बसन्त तुम आओ ना ।
काम पे जाते बच्चे के, हाथों में किताब थमाओ ना.....
घना अंधेरा छाया है, तुम ज्ञान के दीप जलाओ ना ....
ऋतु वसन्त तुम आओ ना ।

*[Turn Over*

*प्रश्न:*

2. कवि किस ऋतु को बुला रहे हैं ?
3. आमों की बगिया में बसन्त को क्या करने के लिए कहा गया है ?
4. नूतन गीत सुनाते के लिए किसे आमंत्रित किया जा रहा है ?
5. वन-उपवन की डालें कैसी हैं ?
6. काम पर जाते बच्चों के हाथों में कवि ने क्या थमाने को कहा है ?

***III. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।*** ***5x1=5***

जब तुम कोई छोटा-सा गोल चमकीला रोड़ा देखती हो, तो क्या वह तुम्हें कुछ नहीं बतलाता ? यह कैसे गोल, चिकना और चमकीला हो गया और उसके खुरदुरे किनारे या कोने क्या हुए ? अगर तुम किसी बड़ी चट्टान को तोड़कर टुकड़े-टुकड़े करडालो तो हर एक टुकड़ा खुरदरा और नोकीला होगा । यह गोल चिकने रोड़े की तरह बिलकुल नहीं होता । फिर यह रोड़ा कैसे इतना चमकीला, चिकना और गोल हो गया ? अगर तुम्हारी आँखें देखें और कान सुनें तो तुम उसी के मुँह से उसकी कहानी सुन सकती हो । वह तुमसे कहेगा कि एक समय, जिसे शायद बहुत दिन गुज़रे हों, वह भी एक चट्टान का टुकड़ा था । ठीक उसी टुकड़े की तरह, उसमें किनारे और कोने थे । जिसे तुम बडी चहान से तोडती हो । शायद वह किसी पहाड़ के दामन में पड़ा रहा ।

*प्रश्न:*

7. चमकीले रोड़े के किनारे कैसे थे ?
8. चट्टान को तोड़ने पर उसका रुप क्या होगा ?
9. चट्टान का टुकड़ा बहकर कहाँ पहुँचा ?
10. दरिया से आगे जाकर टुकड़ा क्या बनता है ?
11. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

*[Contd...on 3rd page*

*IV. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।* *5x1=5*

संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है । क्योंकि दुनिया की अधिकांश वुस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है । समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता । विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्व है । विद्याथी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना । समय के सदुपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है । जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय मौज मस्ती तथा आलस्य में श्पो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जति हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते । मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं । उनकी चिंता करने के बजाय जो समय हमारे सामने है उसका सदुपयोग कर जीवन को सफल बनाएँ ।

*प्रश्न:*

12. समय को अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया हैं ?
13. विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य क्या हैं ?
14. कैसे विद्यार्थी जीवन भर पछताते हैं ?
15. समय के संबन्ध में मनुष्य का क्या कर्तव्य हैं ?
16. गद्यांश को उचित शीर्षक प्रदान करें ?

*V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए ।* *4x3=12*

17. मंगल ग्रह के बारे में आप क्या जानते हैं ? लिखिए ।
18. तारों की जड़ी चादर ओढ़कर चाँद कैसा लगता है-लिखिए ।
19. 'साथी हाथ बढ़ाना' पाठ से क्या सीख मिलती है ?
20. दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए हेलन केलर ने क्या योगदान दिया । लिखिए ।

*[Turn Over*

*VI. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

21. अक्षरों की खोज न होती तो हम अपने विचारों का आदान-प्रदान किस प्रकार करते? 'अक्षरों का महत्व पाठ के आधार पर लिखिए ।

22. अपने बचपन के बारे में लिखिए ।

*VII. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

23. सहायता करने से किस प्रकार के सुख की अनुभूति होती है-'साथी हाथ बढ़ाना'कविता के आधार पर लिखिए ।

24. चाँद के स्वरुप के बारे में बच्चों के क्या विचार होते हैं - चांद से थोड़ी सी गप्पे कविता के आधार पर अपने विचार लिखिए ।

*VIII. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

25. वीरांगना लक्ष्मीबाई के बचपन और आपके बचपन में क्या अंतर है ?

26. मैं सबसे छोटी होऊँ' पाठ में छोटा होने की कल्पना क्यों की गई होगी ?

*IX. निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।* *2x5=10*

27. अपने नगर को आमंत्रित करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

28. 'आज़ादी का अमृतोत्सव' विषय पर एक निबंध लिखिए ।

29. किसी एक त्यौहार के विषय में दो मित्रों का संवाद लिखिए

* * * * *

# D - 43 A

## CONTINUOUS & COMPREHENSIVE EVALUATION
## SUMMATIVE ASSESSMENT - I - NOVEMBER 2022
### First Language - HINDI
### PART - B

**VI Class]** **(Max.Marks: 20)** **[Time: ½ Hr.**

**Student Name ........................................................... Roll No. ....................**

***Instructions:***

*i) Answer all the questions in this part on the questions paper itself and attach it to answer booklet of Part-A.*

*ii) Candidates must use Capital Letters while answering the multiple choice questions.*

* * *

*I. निम्न लिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए ।* *8x1=8*

1. दुनिया ----- अब तक करोड़ों पुस्तकें छाप चुकी हैं । ( )

*(उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)*

A) में B) के

C) पर D) की

2. अब भी तुम उसे थोड़ा-थोड़ा पढ़ना जानती हो । ( )

*(वाक्य में इस शब्द की पुनरुक्ति हुई है)*

A) थोड़ा B) पढ़ना

C) तुम D) जानती

3. <u>बीर</u> सैनिकों के मन में था, अपने पुरखों का अभिमान ( )

*(विलोम शब्द लिखिए)*

A) हीर B) वीरा

C) शीर D) कायर

*[Turn Over*

4. अक्षरों की खोज <u>मनुष्य</u> की सबसे बड़ी खोज है। ( )

*(रेखांकित शब्द के पर्यायवाची पहचानिए)*

A) आदमी, मानव B) मानव, दानव

C) नर, कर D) नर, वानर

5. पक्षी की आँखें सुन्दर हैं। *(वाक्य में बहुवचन शब्द पहचानिए)* ( )

A) आँखें B) पक्षी

C) सुन्दर D) की

6. मैंने रास्ते में गाड़ी को रोका। *(वाक्य में स्त्रीलिंग शब्द पहचानिए)* ( )

A) गाड़ी B) रास्ता

C) मैंने D) रोका

7. माँ के डाँटने पर मैं -----रोई। ( )

*(उपर्युक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए)*

A) फूट-फूट कर B) कूट-कूट कर

C) छूट-छूट कर D) कूद-कूद कर

8. एक से एक मिले तो <u>कतरा</u> बन जाता है दरिया। ( )

*(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए)*

A) बूँद B) काटना

C) कटना D) बन्द

***II. निम्न लिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।*** ***2x1=2***

9. पोशाक :

10. प्रशिक्षण :

*[Contd..on 3rd page*

***III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए ।*** ***10x1=10***

11. वह -------फूल है । *(उचित विशेषण से रिक्त स्थान भरिए)*

12. मैंने मेरे भाई को राखी बाँधी । *(वाक्य का शुद्ध रुप लिखिए)*

13. पूर्व में <u>सूर्योदय</u> होता है । *(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए)*

14. हमें <u>आवश्यकता</u> से अधिक नहीं बोलना चाहिए ।

*(रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए)*

15. अध्यापक ने दो छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए ।

*(संख्या वाचक विशेषण को रेखांकित कीजिए)*

16. मैंने अभिनय किया । *(वाक्य नकारात्मक रुप में लिखिए)*

17. पिछले वर्षो में महामारी का प्रकोप था ---------स्कूल बंद थे ।

*(उचित अव्यय से रिक्त स्थान भरिए)*

***[Turn Over***

18. 'संभव' *शब्द में उपयुक्त उपसर्ग जोड़कर लिखिए ।*

19. गाड़ी <u>तेज़</u> रफ़्तार से चल रही है ।

*(व्यकरण की दुष्टि से रेखांकित शब्द क्या है)*

20. हेलेन केलर ने विश्व शांति के लिए काम किया । *(क्रिया शब्द रेखांकित कीजिए)*

* * * * *